an>

Title: Need to start construction of Bhuj-Barmer-Tharad railway line - laid.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के अंतर्गत भुज-बाड़मेर से थराद होते हुए एक नई रेल लाइन का निर्माण किया जाना है और इसका सर्वेक्षण हुआ है और पूर्व वाले बजट में लिया गया है परन्तु अभी तक इस रेल लाइन का कार्य शुरू नहीं हो सका है I इस रेल लाइन के निर्माण होने से थराद, बाव, सुईगाम, लाखनी तहसील के यात्रियों को रेलवे का लाभ मिल सकेगा I यहाँ आजादी से अबतक रेलवे से इस क्षेत्र को जोड़ा नहीं जा सका है यहाँ रहने वाले निवासी मुख्यतः किसान वर्ग के हैं और इस रेल लाइन के परिचालन से इन क्षेत्रो के किसानों को अधिक लाभ मिलेगा और वे अपना कृषि उत्पाद एक शहर से दूसरे शहर तक आसानी से ले जा सकेंगे और आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे इससे उनकी आय भी बढ़ेगी I अतः मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि उपरोक्त रेल लाइन की वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी देने की कृपा करें और यदि कार्य की प्रगति रुकी हुई है तो इस परियोजना को पुनः प्रगति में लाने की कृपा करें ताकि इस क्षेत्र को रेल लाइन से जोड़ा जा सके और जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया जा सके I